दैनिक जागरण 22/12/2022

# नई शिक्षा नीति में परंपरागत मूल्यों को जोड़ा गया

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा. अनीता दुआ प्रोफेसर डिपार्टमेंट आफ बायोकेमिस्ट्री इंस्टीट्यूट आफ इंटीग्रेट आनर्स स्टडीज कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहीं। इसका शुभारंभ कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान डा. गुरदेव सिंह एवं वित्त सचिव डा. आलोक गुप्ता व प्राचार्य डा. वीके जैप ने किया। डा. दुआ ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई का अब बीच में छोड़ने पर नुकसान नहीं होगा। नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी तकनीकी रूप से भी सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में परंपरागत मूल्यों को जोड़ा गया है।